हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 19 जुलाई 2025

06 लगातार भारी बारिश से जिला हुआ जलमग्न...



07 डीएम को भगवान भरोसे मिली वनांचल की व्यवस्था...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर के निर्देश पर सड़कों से गोवंश हटाने की कार्रवाई लगातार जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर के निर्देश का जिम्मेदारी पूर्वक अनुपालन किया जा रहा है। जिले के मुख्य मार्गों, बाजारों आवागमन के रास्तों पर भटकते पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से गौशाला विस्थापित किया जा रहा है। बता दें कि कलेक्टर द्वारा विगत दिवस अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि समस्त सागर जिले के मुख्य मार्गों से पशुओं को प्रमुखता से हटाया जाए एवं सुरक्षित रूप से उन्हें निकटतम गौशालों, गौ संरक्षण केंद्रों आदि में विस्थापित किया जाए। जिसके अनुपालन में जिले के मुख्य मार्गों, चौराहों, बाजारों से आवारा एवं घुमक्कड़ पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेज जा रहा हैं।

### आज सागर में सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन

**सागर।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद सागर द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत एक प्रेरक एवं चिंतनशील कार्यक्रम उम्र कटी - पर जिंदगी नहीं गुजरी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 19 जुलाई शनिवार को शाम 4.30 बजे से जिला पुरातत्व संग्रहालय (पुरानी डफरिन अस्पताल परिसर, सागर) में आयोजित होगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी जानी-मानी हस्तियां अपने विचार प्रस्तुत करेंगी। जिसमें डॉ. पंकज तिवारी, निदेशक, ई.एम.एम.आर.सी., डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, भगत सिंह योगाचार्य, राज्य प्रभारी, पतंजलि योग समिति, क्लीं जायसवाल राय, लेखिका एवं प्रेरक वक्ता रहेंगे।

### सागर विश्वविद्यालय एक नया अकादमिक ब्रह्मांड है : प्रो दिवाकर सिंह

**सागर।** प्रकृति हमेशा नूतन कृतियों के कारण ही सदैव जीवन्त बनी रहती है। इस जीवन्तता को बनाये रखने के लिये सदियों में कुछ ऐसे व्यक्तित्व दुनिया में आते हैं, जो अपने कृतित्व से युगों-युगों तक याद रखे जाते हैं। सागर सपूत डॉ हरीसिंह गौर भी ऐसे ही बिरले लोगों में से एक हैं, जिन्होंने सागर विश्वविद्यालय की स्थापना करके एक नये अकादमिक ब्रम्हाण्ड की रचना की गई। ब्रम्हाण्ड जिसके हम सब वाशिंदे हैं। शिक्षा जगत के लोगों के लिए यह गौरव की बात है कि डॉक्टर गौर की नगरी और उनके ब्रम्हाण्ड में हमें अपने अस्तित्व को आधार देने का सौभाग्य मिला है। सागर विश्वविद्यालय हमारे अकादमिक जीवन का सृजन कर्ता है। विश्वविद्यालय ने अनेक आयाम स्थापित किये हैं। समाज को एक नयी ऊर्जा और गति दी है। राष्ट्रीय चेतना को जगाया है। हम सबको एक नया आकार दिया है।
अपने आकार को आधार देने वाली मातृ संस्था के स्थापना दिवस पर हमारे लिये आज चिंतन-मनन और मूल्यांकन का अवसर है कि हम डॉक्टर गौर के दर्शन को पहचानने की कोशिश करें। उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध बनें।

## खुरई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक दिन में 61700 से अधिक पौधों का किया गया रोपण

# वृक्ष ही माटी, वायु और जल के संरक्षण का आधार इनके बिना जीवन असंभव : श्रीसमर्थ दादागुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



खुरई में आज जीवंत और प्रत्यक्ष रूप में सहस्त्रकोटि यज्ञ हुआ है। श्रावण मास शिव शक्ति के आराधन का पवित्र मास है। श्रावण मास में खुरई विधानसभा क्षेत्र में 51000 देव वृक्ष प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। प्रकृति में एक मात्र वृक्ष ही हैं जिनके पास जीवन के लिए अनिवार्य माटी, वायु, जल तीनों के संरक्षण का समाधान है। यह उद्गार नर्मदापुत्र, प्रकृति के उपासक पूज्य श्री समर्थ गुरु दादा गुरु ने खुरई के माडल स्कूल प्रांगण में में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत एकदिन में 50 हजार वृक्ष लगाने के महा अभियान के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर मंच से घोषणा करते हुए बताया कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में दोपहर तक 61700 हजार वृक्षों का पौधा रोपण किया जा चुका है।

कार्यक्रम में अपने आशीष वचनों में पूज्य श्री दादा गुरु ने कहा कि जहां स्वच्छता होगी, पवित्रता होगी वहीं विकास, सफलता और प्रसन्नता होगी। जब हम बुंदेली माटी का शौर्य, धैर्य, बलिदान की भूमि है जिसे स्पर्श करने पर धैर्य के साथ शौर्य और पराक्रम का अनुभव होता है। ऐसी माटी से आज खुरई को हरा भरा करने में नंबर वन बनाने की शुरुआत भूपेंद्र सिंह के द्वारा हुई है। उन्होंने कहा कि यहां प्रवेश करते ही यह शुभ सूचना मिली कि खुरई स्वच्छता में प्रदेश में नंबर वन और देश में 7 वें नंबर पर आया है। इन साक्षात देववृक्ष प्रतिमाओं का खुरई के भविष्य के लिए यह वरदान है कि यहां प्राणशक्ति का संचार होगा, अभय, समृद्धि, विकास यहां बरसेगा और खुरई स्वच्छता और पवित्रता के साथ धरती को हरा भरा करने में भी नंबर वन हो जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित हजारों विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पूज्य श्री दादा गुरु ने कहा कि आज आप सभी ने जिन वृक्षों को पौधों के रूप में लगाया है उन वृक्षों में,पहाड़ों में परम सत्ता, शक्ति, प्रकृति की जीवंत साकार उपस्थिति है। वृक्ष के समीप रहें, प्रतिदिन पांच मिनट वृक्षों के पास बैठें तो आपकी स्मरण शक्तिप्रखर हो जाएगी और इससे अध्ययन में बहुत आगे जा सकेंगे। इससे रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी सुदृढ़ होगी। अपनी माटी, प्रकृति से जो जुड़ा है वह सुरक्षित है और किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति इनके समीप रह कर कर सकता है। उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम ही क्यों, इसलिए कि मां जीवन का आधार है। मां जो घर परिवार में जननी के रूप में है, इस धरा के रूप में है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, धर्म और सनातन के कारण भारत दुनिया से भिन्न है, आज दुनिया हमारी तरफ देख रही है। दुनिया में चारों तरफ संक्रमण, आपदाएं, भय है और जीवन बचाने की चिंता है लेकिन भारत में सभी भय मुक्त हैं। वह कौन सी शक्ति है भारत के पास जो इस धरा को भयमुक्त जीवन प्रदान करती है और विश्ववंदनीय बनाती है, जिनसे भारत ने विश्व गुरु बन कर दुनिया का संचालन किया। वही शक्तियां हमारे घर परिवार जीवन का आधार हैं। उन्हीं आधार शक्तियों को हम खुरई में आज इस सहस्त्रकोटि प्रकट यज्ञ के रूप में देख रहे हैं। यहां आज हजारों देववृक्ष प्रतिमाओं की स्थापना का सहस्त्रकोटि यज्ञ हो रहा है जिसके मूल में शुद्धिकरण, सिद्धियां, निधियां, संवर्धन,संरक्षण और संपन्नता है। उन्होंने कहा कि पेड़ का संबंध हमारे चित्त, चेतना, प्राण से संबंध है क्योंकि मिट्टी, हवा और पानी ही जीवन का आधार हैं जिनके बिना जीवन संभव नहीं। पृथ्वी पर सिर्फ वृक्ष ही ऐसी शक्ति है जिससे प्राणवायु,जलसंरक्षण और माटी का संरक्षण होता है। और यह भी सत्य है कि वैज्ञानिकों को अभी तक पृथ्वी के अलावा अन्य किसी गृह पर वृक्षों की उपस्थिति नहीं मिली है। हम हर परिवार को बोलते हैं कि आपको वृक्ष लगाने की प्रतिज्ञा लेना होगी। उन्होंने कहा कि गुरु दिशा और विचार देते हैं। जो भी धर्म को अपनी सामर्थ्य से निष्काम सेवा भाव धारण करता है जैसी कि भूपेंद्र सिंह कर रहे हैं, गुरु गोविंद दोनों उसका साथ नहीं छोड़ते। भूपेंद्र सिंह के रूप में ऐसी निष्काम भाव की मूर्ति को खुरई और सागर ने पाया है जो गांव को तीर्थ बना देते हैं।

पूज्य श्री दादागुरु ने अपने निराहार रहने की शक्ति के संबंध में संकेत देते हुए बताया कि थोड़ी देर के लिए बुद्धि को वायु पर चलना होता है। 200-300 बार में एक गिलास जल के बराबर वायु से मिल सकता है। पूज्य श्री दादा गुरु ने कहा कि गंगा, गोदावरी, नर्मदा कावेरी और यहां बीना, बेतवा जैसी नदियां हैं जिनके विषय में हमारी धर्म, संस्कृति, सनातन कहता है कि ये मात्र नदियां नहीं हैं साक्षात जीवन देने वाली भगवती हैं। ये हमें जन्म देने वाली मां से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे हमारा पालन करती हैं और पालन करने वाली माता जननी से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी जातियों से अलग हैं किन्तु माटी, धर्म संस्कृति से एक हैं। माटी हमें एक करती है। उन्होंने कहा कि एक मां भगवती दुनिया में गौ के रूप में हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि जहां जहां वृक्ष आज लगाए गए हैं उन्हें पानी देना पितरों को पानी देने के समान है।

आरंभ में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अपने स्वागत भाषण में पूज्य समर्थ दादा गुरु जी की शक्तियों और उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे विगत चार साल से निराहार रहते हुए नर्मदा जल ग्रहण करते हैं और अब मात्र वायु पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के चिकित्सकों ने उन पर अध्ययन किया है और यह निष्कर्ष दिया है कि पूज्य श्री दादा गुरु का बिना कुछ खाए पिए सिर्फ वायु पर जीवन चल रहा है। यह भी जानकारी मिली है कि जल्दी ही पूज्य दादा गुरु अपनी तीसरी नर्मदा परिक्रमा करने वाले हैं। इस परिक्रमा में उनके साथ भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की टीम उन पर शोध करने जाएगी। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि ऐसा वृक्षारोपण अभियान प्रतिवर्ष होगा और खुरई में अब प्रतिवर्ष 50 हजार वृक्ष लगाने का रिकार्ड बनेगा। खुरई विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे अनेक क्षेत्रों में नंबर वन है और अब इसे पर्यावरण संरक्षण का माडल भी हम बनाएंगे। उन्होंने कहा कि खुरई के लिए हमारे तीन लक्ष्य हैं, पहला खुरई को शिक्षा के क्षेत्र में नंबर वन बनाना, दूसरा यहां के हर युवा को रोजगार उपलब्ध कराना और तीसरा खुरई में मेडीकल कालेज की स्थापना कराना।



### सागर का नाम रोशन करने वाली बेटी आयुषी अग्रवाल का सेवादल ने किया स्वागत

**सागर।** हिमेजी जापान में आयोजित हुई एशिया अफ्रीका पेसिफिक अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सागर की बेटी आयुषी अग्रवाल ने 425 किलोग्राम वजन उठाकर देश को कांस्य पदक दिलाया। विजेता बेटी के स्वदेश वापिस आने पर सागर शहर में स्वागत रैली का आयोजन हुआ जो रामबाग मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार होते हुए तीनबत्ती पहुंची जहां सेवादल परिवार ने बेटी का भव्य स्वागत किया। भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों से पूरा क्षेत्र गौरवान्वित हो गया। सेवादल परिवार से शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, लल्ला यादव, तरूण सैनी, अन्नू घोषी, पंकज सोनी, परख शुक्ला, अंकुर यादव आदि उपस्थित रहे।




### खाद की पर्ची के लिए किसानों की लगी कतार

**गढाकोटा।** सागर जिले सहित गढाकोटा में भी खाद कि किल्लत से किसान परेशान हैं पूर्व में किसानों द्वारा कृषि उपज मंडी सहित रहली में खाद न मिलने को लेकर चक्काजाम जाम किया था। गुरुवार के दिन किसानों कि लंबी लाइन थाना गढाकोटा में देखी गई जहां खाद कि पर्ची बनाई जा रहा थी और कृषि उपज मंडी से खाद का वितरण किया जा रहा था।



### स्वच्छता रैंकिंग में अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए महापौर का एमआईसी सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

**सागर।** पिछले साल 70वीं रेंक से इस बार 10वीं रेंक प्राप्त होने पर महापौर ने शहरवासियों के सकारात्मक सहयोग सहित स्वच्छता मित्रों के अथक परिश्रम की तारीफ करते हुए निगम के पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों के रचनात्मक सहयोग को भी इस उपलब्धि के लिए प्रेरक माना। स्वागत समारोह में विशेष रूप से महापौर प्रतिनिधि सुशील तैयारी, एम आई सी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर, संगीता शैलेश जैन, राजकुमार पटेल, संतोष दुबे, रिशांक तिवारी, दिनकर तिवारी, प्रियंक दुबे, नीरज करोसिया, शुभम नामदेव, सिद्धार्थ डेंगरे, अभिषेक साहू, प्रियंक चाचोंदिया, नमन चौबे, रवि विश्वकर्मा, पीयूष शर्मा, शुभम सागर, तखत सिंह, दीपेश कोरी, नितिन अवस्थी सहित गणमान्य जनो ने स्वागत किया।

### छिरारी में सहायक शिक्षक विज्ञान को छोड़ पूरा स्टाफ था अनुपस्थित, कड़ी कार्रवाई प्रस्तावित

**सागर।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग मृत्युंजय कुमार के द्वारा रहली विकासखंड के छिरारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया जिसमें सहायक शिक्षक विज्ञान को छोड़ पूरा स्टाफ अनुपस्थित पाया गया, कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग मृत्युंजय कुमार ने बताया कि आज संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर शिक्षा विभाग सहित समस्त अन्य अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों को निरीक्षण किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में संयुक्त संचालक मृत्युंजय कुमार ने शुक्रवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिरारी का निरीक्षण प्रातः 10:40 पर किया गया जिसमें एक मात्र सहायक शिक्षक विज्ञान उपस्थित थी प्राचार्य सहित शेष शिक्षक एवं अतिथि शिक्षक भृत्य सहित समस्त स्टाफ अनुपस्थित था। विद्यालय के गेट पर 100 से अधिक विद्यार्थी विद्यालय खुलने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। मृत्युंजय कुमार ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैराना एवं छपरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। खैराना विद्यालय में प्राचार्य सहित सभी स्टाफ मौजूद था एवं शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा था जबकि छपरा विद्यायल में प्राचार्य सहित सभी स्टाफ मौजूद था किंतु कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों ने बताया कि संस्कृत विषय को छोड़कर शेष पांच विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं के संबंध में जानकारी नही दी गई है। प्राचार्य को शाला के किसी भी शैक्षणिक अभिलेख की जानकारी नहीं थी। प्राचार्य को शाला में प्रवेशित छात्रों की जानकारी एवं प्रत्याशित प्रवेश की जानकारी भी नहीं है साथ ही पाठ्य पुस्तकों का वितरण न किया जाकर विद्यालय में स्टॉक मौजूद था। इसी प्रकार अनेक अनियमितताएं भी पाई गई प्राचार्य सहित सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किए जारहा हैं। संयुक्त संचालक कुमार ने बताया कि सभी तीनो उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का सत्र 2024-25 की के कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम था जिस पर संभाग कमिश्नर के द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

## बढ़े हुए बिजली बिलों से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

गढ़ाकोटा क्षेत्र में हाल ही में उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में वृद्धि हुई। जिससे उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ गई है। बिजली बिलों ने और परेशान कर दिया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि विभाग ने एक महीने गुजर जाने के बाद एक सप्ताह बाद की रीडिंग ली। इससे खपत 150 यूनिट की सीमा पार कर गई। कई उपभोक्ता सरकार की सब्सिडी योजना से बाहर हो गए। उन्हें तीन गुना तक ज्यादा बिल भरना पड़ा। प्रदेश सरकार 150 यूनिट तक की खपत पर सब्सिडी देती है। खपत 151 यूनिट होते ही उपभोक्ता योजना से बाहर हो जाता है। उसे पूरी खपत का पूरा बिल देना होता हैं। और यही हुआ रीडिंग उपभोक्ताओं की खपत तय सीमा से ज्यादा हो गई। तीन माह से पूरे नगर में मीटर की रीडिंग महीने गुजर जाने के 5-7 दिन बाद हुई। 150 यूनिट तक ही फायदा मिलता है । जून में बिजली कटौती भी हुई ,फिर भी बिल बढ़े हुए आए। गढ़ाकोटा निवासी राम मनोहर पटेल ने बताया कि अप्रैल मई से ज्यादा जून माह में बिल आया। और बिजली बिल में 17515 कुल यूनिट लिखा है जबकि मीटर 12740 यूनिट अंकित है।उनका कहना है कि उनके घर बिजली का उपयोग एक साधारण परिवार की तरह होता है। इसी तरह विवेकानंद वार्ड के उपभोक्ताओं के बिल बढ़कर आए। बड़े हुए बिल आने से गरीब जनता परेशान है। गरीब लोगों के बड़े हुए बिजली के बिल आने से की शिकायत मिलने से पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की है बिजली विभाग में कई सालों से जमे हुए अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग लोगों ने की है।

इस संबंध में रहली ईई लोकेश साहू का कहना है कि जून माह में ज्यादा गर्मी होने से उपभोक्ताओं के बिजली खपत होने कारण बिल ज्यादा आया है। अगर जिन उपभोक्ताओं के बिलों में गड़बड़ी शिकायत है जांच कर उनका निराकरण किया जाएगा।

### नशा परिवार समाज को प्रभावित करता है नशे से दूर रहें : खन्ना



**सागर।** नशा परिवार एवं समाज को प्रभावित करता है हम सबको नशे से दूर रहना चाहिए। उक्त विचार पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा एक अभिशाप है इससे दूर रहना चाहिए क्योंकि नशे से न केवल परिवार समाज बल्कि पीढ़ियां बर्बाद हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग के साथ-साथ सभी अन्य विभागीय अधिकारी स्कूल कॉलेज सामाजिक संस्थाएं का सहयोग लेकर समन्वय के साथ जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। पुलिस का विशेष जन जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी शुरू किया गया है और इसके लिए स्कूल कॉलेज से लेकर स्लिम एरिया पर चलाया जाएगा।

### नशामुक्तिजन-जागरुकता अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**सागर।** पुलिस मुख्यालय, भोपाल के आदेशानुसार संपूर्ण मध्यप्रदेश में 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी विषय पर विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिंहा के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक सागर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कैंट निरीक्षक रोहित डोंगरे के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद माध्यमिक शाला, सागर कैंट में विद्यार्थियों के मध्य नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालयीन छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार व समाज की स्थिरता और सुरक्षा पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। बच्चों को प्रेरित किया गया कि वे स्वयं तो नशे से दूर रहें ही, साथ ही अपने मित्रों, परिवार व समुदाय में भी नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाएं।


### कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2025- 26 /21 सूचना सागर दिनांक 15/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 611 25/26 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | आशीष पिता शीलचंद जैन | अभिषेक पिता महेंद्र कुमार जैन |
| 612 25/26 | अम्बेडकर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | राममिलन पिता भगत यादव एवं संदीप पिता भगवान दास पटेल | आशीष कुमार पिता महेंद्र कुमार जैन |
| 613 25/26 | अम्बेडकर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | संदीप पिता लीलाधर पटेल एवं अरविंद पिता राजाराम कुर्मी | सोनाली पुत्री भारत कुमार केसरवानी |
| 614 25/26 | अम्बेडकर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | भगवान दास, फूलचंद, भवानी शंकर, सीताराम, नरेंद्र उर्फ नारायण पिता राम प्रसाद पटेल | भूपेंद्र पिता लक्ष्मीनारायण साहू |
| 615 25/26 | पन्तनगर | न्याया आदेश, शपथपत्र | श्यामलाल, राजाराम, उत्तमचंद पिता राम प्रसाद पटेल | निर्मला पति स्व. कैलाश एवं सौरभ, गौरव, वैभव, तरुण, तनु पिता स्व. कैलाश सरवैया |
| 616 25/26 | चकराघाट | रजि वसियत, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | रामरति पति स्व. रामकृष्ण गौतम | शिवा पिता कृष्ण किशोर गौतम |
| 617 25/26 | रविदास | मृत्यु प्रमाण, शपथ पत्र | करनसींग पिता खानजू अहिरवार | 1- भगवान दास, उमाशंकर, प्रतिभा एवं राधा देवी सभी पिता स्व. करनसींग 2- मालती पति स्व.विजय एवं रोशन, अंकित, गजेंद्र एवं अंजली सभी पिता स्व. विजय अहिरवार |
| 618 25/26 | तिलकगंज | राजस्व दस्तावेज, शपथ पत्र | प्यारेलाल पिता स्व. मूलचंद जैन | शिवकुमार पिता प्यारेलाल पटेल |
| 619 25/26 | राजीव नगर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | मे. बालक मार्केटिंग राजीव नगर वार्ड द्वारा- कीर्तिराज पिता अशोक कुमार जैन | प्रिंस पिता रामसेवक सोनी |
| 620 25/26 | राजीव नगर | रजि बैनामा, शपथ पत्र | किरण पति चंद्रप्रकाश सोनी | जयंती बाई पति रामसेवक सोनी |

आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर


## विवि स्थापना दिवस पर गौर मूर्ति एवं गौर समाधि पर पुष्पार्चन कर डॉ. गौर को किया नमन

# विश्वविद्यालय के यश और कीर्ति में सतत वृद्धि के लिए कार्य करें : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के स्थापना दिवस 18 जुलाई के अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉक्टर हरीसिंह गौर की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पूर्व कुलपति ने बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों के साथ गौर मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया। विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि डॉ. गौर द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय को ऊँचाई पर ले जाने के लिए हम सब संकल्पित होकर कार्य करें।



डॉ. गौर ने समाज के कल्याण के लिए इस विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। वे सौभाग्यशाली हैं और ऋणी हैं जिनको यहाँ पढ़ने और कार्य करने का अवसर मिला है। इस दिवस पर यह संकल्प लें कि हम सब मिलकर डॉ. गौर के सपनों के अनुरूप इस विश्वविद्यालय के यश और कीर्ति में सतत वृद्धि के लिए कार्य करें। पुष्पांजलि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलानुशासक प्रो. चंदा बेन, कुलसचिव डॉ. एस. पी. उपाध्याय, सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र यादव, प्रो. आशीष वर्मा, प्रो. डी. के. नेमा, प्रो. के. के. एन. शर्मा, प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. विनोद भारद्वाज, डॉ. अभिषेक बंसल, प्रो. दिवाकर शुक्ला, प्रो. अनुपम शर्मा, प्रो. देवाशीष बोस, प्रो. रणवीर कुमार, प्रो. अनिल जैन, डॉ. एस. पी. गादेवार, डॉ. मोहन टी. ए., डॉ. राकेश सोनी, सहित कई सेवानिवृत्त शिक्षकों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने गौर मूर्ति एवं गौर समाधि पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया।

### जतारा, पलेरा सहित जिलेभर में जलभराव क्षेत्र का किया निरीक्षण

# लगातार भारी बारिश से जिला हुआ जलमग्न, कलेक्टर उतरे मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते जिला जलमग्न हो चुका है। जगह जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है। नदी, तालाब व नाले सभी उफान पर हैं। ऐसी परिस्थिति में जिले के मुखिया कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय अपने प्रशासनिक आमले के साथ लगातार जिले का दौरा कर जलभराव क्षेत्रों का निरिक्षण कर रहे हैं। साथ ही जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे हैं।



### जतारा व पलेरा क्षेत्र का कलेक्टर ने किया दौरा

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जतारा क्षेत्र में पहुंचकर जलभराव क्षेत्रो का निरिक्षण किया। इस दौरान जतारा एसडीएम संजय कुमार दुबे कलेक्टर के साथ रहे। जिले में हुई अत्याधिक बारिश के कारण ग्राम पुरेनिया तहसील पलेरा में जल भराव वाले स्थानों पर पहुंचकर कलेक्टर ने निरीक्षण करने के दौरान लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया। बही दूसरी ओर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में अत्यधिक बारिश होने पर नगर परिषद पलेरा में पठेश्वरी तालाब व बड़ी माता मंदिर तालाब का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निवासी के लिए किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पलेरा नगर परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवि उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### स्कूलों के लिए किए गए अवकाश घोषित

जिले में अत्यधिक बारिश होने के कारण बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई है। जिसके कारण सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा जिले की सभी शासकीय व अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं के लिए अवकाश घोषित किया गया है। लेकिन शिक्षकों के लिए अपनी-अपनी संस्थाओं में उपस्थित रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### जिले में बीते 24 घंटे में हुई 111.5 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 18 जुलाई तक 111.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान टीकमगढ़ में 89 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 68, बल्देवगढ़ में 75, खरगापुर में 110, जतारा में 131, मोहनगढ़ में 130, लिधौरा में 54 तथा वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 235 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि जिले में एक जून से 18 जुलाई तक 953.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से 18 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा 1223 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 641, बल्देवगढ़ में 860, खरगापुर में 917, जतारा में 770, मोहनगढ़ में 1076, लिधौरा में 815 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 1327 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



नागरिकों को दी गई जिम्मेदारी निर्वहन करने की सीख

# सड़क सुरक्षा पर चला अभियान नियम के उल्लंघन पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

यातायात नियमों को लेकर पुलिस अब पूरी तरह सख्त हो गई है। सड़क पर लापरवाही, लापरवाह चालकों और नियमों की अनदेखी अब भारी पड़ने लगी है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों पर, टीकमगढ़ जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी अगुवाई पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई कर रहे हैं।

17 जुलाई को जिलेभर में विशेष रूप से चौराहों, मुख्य मार्गों और अंतरराज्यीय सीमाओं पर यह मुहिम नज़र आई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह और दोनों अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में यातायात नियमों के पालन को लेकर न केवल सख्ती बरती गई, बल्कि जागरूकता का माहौल भी बनाया गया। अभियान के दौरान सैकड़ों वाहनों की गहन जांच की गई। वाहन चालकों से न केवल वैध दस्तावेज मांगे गए, बल्कि उनसे नियमों के प्रति संवेदनशीलता की अपेक्षा भी की गई। इस जांच के दौरान 274 वाहनों की निगरानी की गई और 42 वाहन चालकों से कुल 13 हजार 2 सौ रुपये की चालानी राशि वसूली गई। कई को मौके पर समझाइश दी गई और भविष्य में नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। जांच के दौरान वाहन फिटनेस, बीमा, परमिट, प्रदूषण प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। खासकर दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने की सख्त हिदायत दी गई, वहीं कार चालकों को सीट बेल्ट के बिना आगे बढ़ने से रोका गया। मॉडिफाइड साइलेंसर और तेज आवाज़ करने वाले वाहनों पर खास निगरानी रही, ताकि शहर की शांति में कोई विघ्न न पड़े। उक्त अभियान केवल चालान की औपचारिकता तक सीमित नहीं रहा। बल्कि पुलिसकर्मियों ने लोगों से संवाद कर उन्हें 'गुड सेमेरिटन योजना' और 'गोल्डन ऑवर्स नीति' के बारे में बताया। घायलों की मदद करने वालों को कानूनी संरक्षण और दुर्घटना के शुरुआती घंटों में प्राथमिक इलाज की अहमियत जैसे विषयों पर चर्चा कर लोगों को सड़क पर इंसानियत निभाने के लिए प्रेरित किया गया।



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई का स्पष्ट संदेश रहा कि यह अभियान सिर्फ दंडात्मक नहीं है, बल्कि इसका असली मकसद समाज में नियमों के प्रति सजगता और जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी यह अभियान सख्ती से जारी रहेगा और मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क को केवल सफर का रास्ता न समझें, बल्कि सुरक्षा और अनुशासन की कसौटी भी मानें। वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, वैध दस्तावेज रखना और नियमों का पालन करना यही आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

### स्वच्छता में विदिशा नगरपालिका ने 47वीं रैंक प्राप्त की



**विदिशा।** स्वच्छता में विदिशा नगरपालिका ने 47वीं रैंक प्राप्त की है। गुरुवार को नपा के सभी मेट दरोगा का नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने सम्मान किया। शहर की सफाई की प्रथम कड़ी नगरपालिका के मेट दरोगा और सफाई कर्मी ही होते हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, पार्षद दीपक कुशवाह, नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी, अखिलेश राजपूत, राजू दांगी, संजय अग्रवाल, राजेश लोधी सहित सभी नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जांच के लिए एसपी ने सड़क पर उतारा विशेष गश्तीदल

### होटलों, ढाबों सहित सभी चिन्हित जगहों पर दी जा रही सुरक्षा की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त तथा चौकस बनाने के उद्देश्य से 17 जुलाई को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में एक विशेष गश्ती और औचक जांच अभियान चलाया गया। इस पूरे अभियान में जिले भर की पुलिस चौकियों और थानों की टीमें जुटीं, और आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शहर के हर कोने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अभियान की शुरुआत सुबह से ही हो गई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह की निगरानी में टीकमगढ़ एसडीओपी राहुल कटरे और जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के नेतृत्व में पुलिस बल मैदान में उतरा है। रेलवे स्टेशन हो या बस स्टैंड, मुख्य बाजार हो या सुनसान मोहल्ले हर जगह पुलिस की सतर्क नजरें घूम रहीं थीं। कोई भी संदिग्ध गतिविधि नज़र से बच नहीं सकी।



होटल, लॉज, धर्मशालाएं और ढाबे आदि सब कुछ जांच के दायरे में आ रहे हैं। वहां ठहरे हर यात्री की पहचान-पत्र से पुष्टि की गई और मुसाफिरी प्रविष्टि की बारीकी से पड़ताल की गई। बाहर से आए श्रमिकों, फेरीवालों और अस्थायी रूप से रह रहे लोगों के दस्तावेज देखे गए। पुलिस यह जानना चाह रही थी कि कौन, कहां से आया है और किस उद्देश्य से रुका है। एसपी मंडलोई ने बताया कि यह सतर्कता आमजन को राहत देने के लिए बरती जा रही। जिससे आम इंसान को डरने की जरूरत नहीं। गांवों के रास्तों से लेकर शहर की गलियों तक पुलिस की गाड़ियां गश्त पर रहीं। शराब दुकानों और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में अनावश्यक रूप से खड़े लोगों को हटाया गया। कई जगहों पर लोगों को समझाइश दी गई कि अनावश्यक रूप से जमावड़ा बनाना, खासकर रात के वक्त, संदेह को जन्म देता है और यह कानून व्यवस्था के लिए खतरा बन सकता है। इस दौरान पुलिस ने जनता से संवाद भी किया उन्हें बताया कि सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। लोगों को प्रेरित किया गया कि वे आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि को अनदेखा न करें, तुरंत नजदीकी थाना या डायल-100 पर सूचना दें। यह जनसहभागिता ही पुलिस को और सशक्त बनाती है।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने अभियान की समीक्षा के दौरान दो टूक कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की आपराधिक या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस हर चुनौती के लिए सजग, संवेदनशील और सशक्त रूप में तैयार है। एसपी मंडलोई ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन की औपचारिकता नहीं था, बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है। जिला पुलिस आने वाले दिनों में भी इसी तरह चौकसी और सख्ती के साथ मैदान में बनी रहेगी, ताकि आम नागरिक अपने घर, मोहल्ले और बाजार में निश्चित होकर जीवन जी सकें।

# पांच करोड़ 13 लाख से करैयाखेड़ा रोड पर बनाई जाएगी सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

5 करोड़ 13 लाख 24 हजार रुपए की लागत से करैया खेड़ा रोड पर बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य से पूर्व क्षेत्रीय विधायक मुकेश टंडन ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया।

विधायक टंडन ने पीडब्ल्यूडी के जिला अधिकारी, एसडीएम क्षितिज शर्मा, नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर, बिजली विभाग एवं अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली।विधायक ने बताया कि निर्माणाधीन सीसी रोड के साथ-साथ तीन पुलियों का निर्माण, सड़क किनारे स्थित नाले की पिचिंग एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण भी प्रस्तावित है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिजली के खंभों को सड़क निर्माण से पूर्व शिफ्ट कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान नपा पालिका उपाध्यक्ष संजय दिवाकर, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, सुरेन्द्र चौहान, दिनेश कुशवाह, प्रशांत खत्री सहित पार्षदगण मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर पलटने से 26 वर्षीय युवक की मौत

**विदिशा।** सियासी गांव में खेत में काम के दौरान ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में 26 वर्षीय संदीप आदिवासी की मौत हो गई। घटना के समय संदीप के साथ उसका बड़ा भाई थान सिंह भी खेत में काम कर रहा था। थान सिंह के अनुसार, खेत में एक गहरे गड्ढे के पास मोड़ते वक्त ट्रैक्टर असंतुलित हो गया था। मैं समय रहते कूद गया इसलिए बच गया। यदि समय रहते कूदा नहीं होता तो मैं भी नहीं बच पाता। परिजन तुरंत संदीप को विदिशा मेडिकल कॉलेज ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मई 2023 में उसकी शादी हुई थी। सब इंस्पेक्टर रामगोपाल उईके ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम करा लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# नशे में धुत युवक स्वास्थ्य केंद्र में घुसा, सीएचओ से अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लटेरी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उनारसीकला की सीएचओ खुशी भंडारी के साथ नशे में धुत युवक सोनू कुशवाह ने अभद्रता की। युवक स्वास्थ्य केंद्र में घुस गया और बैड पर जाकर लेट गया। महिला सीएचओ ने उसे कई बार जाने के लिए कहा लेकिन वह नहीं माना और अभद्रता करने लगा। सीएचओ खुशी भंडारी ने उनारसीकला थाने में युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र किरार का कहना है कि यह महिला कर्मचारियों की सुरक्षा से जुड़ा अति संवेदनशील मुद्दा है। अगर विभाग कोई ठोस निर्णय नहीं लेता तो जिला स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के आला आधिकारी महिला कर्मचारियों से मुख्यालय पर रहने की बात करते हैं और सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की बात कही जाती है। वहीं जब महिला कर्मचारियों की सुरक्षा की बात आती है तो वरिष्ठ अधिकारी चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 80% से अधिक महिला सीएचओ हैं। जो ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहीं हैं। पूर्व में भी जिले में महिला सीएचओ से अभद्रता और छेड़छाड़ जैसी घटनाएं सामने आईं हैं। महिला कर्मचारियों के साथ यदि कोई अभद्रता करता है तो यह गंभीर बात है। इस संबंध में सूचना मिली है। हमने सीएचओ से लिखित में शिकायत मांगी है।

### टैक्सियों में तोड़फोड़ व मारपीट से आक्रोशित

# हड़ताल : स्टैंड खाली, शहर सूना सड़क पर उतरे टैक्सी चालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

टैक्सी व ईरिक्शा चालकों की हड़ताल से शहर की आम दिनचर्या प्रभावित हुई है, साथ ही एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या आम मेहनतकश नागरिक अब भी असुरक्षित हैं? टैक्सी और ई-रिक्शा चालकों ने सामूहिक रूप से चाबी डाल दी। स्टैंड खाली हो गए, सड़कों से गाड़ियों की रफ्तार थम गई। जिसकी मुख्य बजह यह है कि बस स्टैंड के पास कुछ कुचबंदिया लोगों ने दो टैक्सियों पर हमला किया, शीशे तोड़े और चालकों के साथ मारपीट की।

जिस समय शहर रोज़ की तरह अपने काम पर निकलने की तैयारी कर रहा था, उसी वक्त टैक्सी ड्राइवर गोलू की आंखों के सामने उनकी टैक्सी का शीशा चकनाचूर कर दिया गया। न सिर्फ़ उनके वाहन को नुकसान पहुंचा, बल्कि उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट भी हुई। एक टैक्सी चालक के अनुसार, हम रोज़ मेहनत करते हैं, धूप में खड़े रहते हैं, तब जाकर घर में चूल्हा जलता है। अब अगर हमारे साथ ऐसे सरेआम गुंडागर्दी होगी तो काम कैसे करें?

सुबह 11 बजे भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस ट्रेन से उतरकर यात्री स्टेशन पर असहाय खड़े नज़र आए। क्योंकि उन्हें घर तक छोड़ने के लिए न तो टैक्सी थी और न ही ई-रिक्शा। साथ ही बस स्टैंड जाने बाले यात्रियों को भारी बैग उठाकर शहर की ओर पैदल बढ़ना पड़ा। कई बुजुर्ग और महिलाएं भी इस असुविधा से परेशान रहीं। जैसे-जैसे घटना की खबर फैली, कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक गुस्सा उबाल पकड़ चुका था। पुलिस ने ड्राइवरों से बातचीत की, समझाने की कोशिश की, लेकिन उनका साफ़ कहना था जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, हम काम पर नहीं लौटेंगे। चालक एकजुट होकर एसपी कार्यालय पहुंचे, और वहां धरने जैसा माहौल बन गया। उनके हाथों में मांगों की चिट्ठी थी, और आंखों में वह आक्रोश, जो तब होता है जब रोज़ रोटी कमाने वाला व्यक्ति खुद को असुरक्षित महसूस करता है।

### झुग्गी झोपड़ियों व चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में हुए जागरुकता कार्यक्रम

# नशे से दूरी, जीवन के लिए है जरूरी: एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में पुलिस व जनभागीदारी से मजबूत संकल्प के साथ नशे के विरुद्ध अलख जगाते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान की कार्ययोजना अनुसार झुग्गी-झोपड़ियों में नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले में एक प्रभावशाली एवं संवेदनशील पहल को धरातल पर उतारा गया।






पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी टीकमगढ़ व जतारा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानों एवं चौकियों द्वारा 18 जुलाई को अपने-अपने क्षेत्रों की झुग्गी-झोपड़ियों एवं चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान की कार्ययोजना अनुसार जागरूकता कार्यक्रम में नशे के शिकार व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें परामर्श, उपचार एवं पुनर्वास केंद्रों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। सभी थाना क्षेत्रों में झुग्गी झोपड़ी एवं चिन्हित स्थानों पर पुलिस द्वारा जाकर अभियान की जानकारी दी गई एवं नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से जरूरतमंदों को चिकित्सीय सहायता एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रदान किया गया। झुग्गी झोपड़ी में निवासरत लोगों को नशामुक्त समाज की शपथ दिलाई गई, जिससे सामूहिक प्रतिबद्धता का सृजन हुआ।

नशामुक्ति के पंपलेट एवं साहित्य का वितरण कर जनमानस में नशे के दुष्परिणामों के प्रति सजगता बढ़ाई गई। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में सघन रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत रोजाना जनसंपर्क, रचनात्मक गतिविधियाँ, प्रेरक संवाद एवं स्थलीय निगरानी के माध्यम से नशे के विरुद्ध सामाजिक चेतना को धार दी जा रही है। एसपी मंडलोई ने बताया कि जिला पुलिस का यह अभियान न केवल युवाओं को नशा उन्मूलन की दिशा में प्रेरित कर रहा है, बल्कि उन्हें स्वस्थ, आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनने की राह भी दिखा रहा है। एसपी मंडलोई ने जनता को संदेश देते हुए कहा कि नशे को कहें ना और जीवन को चुनें हां। जिला पुलिस आपके साथ और नशे के खिलाफ निरंतर कार्य करती रहेगी।

## कराहल में भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने कई अनियमितताएं देखीं

# डीएम को भगवान भरोसे मिली वनांचल की व्यवस्था, दो बर्खास्त, तीन को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल विकासखंड में सरकारी योजनाओं का संचालन भगवान भरोसे ही चल रहा है इसकी बानगी शुक्रवार को तब देखने को मिली जब भ्रमण के दौरान कलेक्टर को एक आंगनवाड़ी पर ताला डला मिला और एक स्कूल में शिक्षक तब पहुंचे जब उन्हें कलेक्टर के स्कूल में पहुंच जाने की जानकारी मिली। इस लापरवाही पर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जहां सीडीपीओ नितिन मित्तल सहित दो शिक्षकों तथा एक ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओं नोटिस से जारी किया है वही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को पद से पृथक करने के निर्देश दिए हैं।

आदिवासी विकासखंड कराहल में संचालित सरकारी योजनाओं की समीक्षा करने पहुंचे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने विभिन्न गांवों में पहुंचकर पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत हुए निर्माण कार्यों की समीक्षा की इस दौरान गोरस गांव में ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि ग्राम पंचायत सचिव की लापरवाही से हितग्राहियों को मिले आवास में प्रगति नहीं हो रही है साथ ही पीएम जनमन योजना के तहत जो सड़क नाली इत्यादि कार्य स्वीकृत हुए हैं उनका निर्माण भी धीमी गति से चल रहा हैं।

इस संबंध में कलेक्टर ने पंचायत सचिव केदार यादव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जनपद सीईओ कराहल को देते हुए पीएम जनमन योजना के कामों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर को पारौंद गांव में आंगनबाड़ी केंद्र बंद मिला। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र कभी कभार ही खुलता है। इस पर कलेक्टर ने जहां सीडीपीओ नितिन मित्तल एवं सुपरवाइजर रेखा अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश डीपीओ महेंद्र सिंह अंब को दिए वहीं कार्यकर्ता आशा यादव एवं सहायिका रामसखी बाई को पद से पृथक करने के निर्देश दिए। इसी तरह बरसाना गांव के स्कूल में शिक्षकों के देरी से पहुंचने पर संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।



### जनमन योजना में 11 फीसद प्रगति पर जताई नाराजगी

ग्राम गोरस में जनमन योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा को पता चला कि पीएम जनमन योजना के तहत जो पीएम आवास स्वीकृत हुए हैं उनकी प्रगति बेहद धीमी है जिले में यह प्रगति 15 फीसद है और इस पंचायत में महज 11 फीसदी ही रह गई है। पीएम जनमन योजना में जिले की कम प्रगति से वैसे ही कलेक्टर अधिकारियों से नाराज हैं और गोरस जैसे सड़क किनारे गांव में भी 11 फीसद प्रगति पर अधिक नाराजगी जताते हुए उन्होंने पंचायत सचिव केदार यादव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जनपद सीईओ कराहल को दिए।

### शिक्षकों ने बताई पीड़ा तो नर्म पड़े कलेक्टर के तेवर

बरसाना गांव में सुबह 11:15 बजे पहुंचे कलेक्टर अर्पित वर्मा को शास.प्राथमिक स्कूल बरसाना में विद्यार्थी तो मिले लेकिन शिक्षक नदारद थे 10:30 बजे स्कूल का समय पोन घंटा बीतने के बाद भी शिक्षकों के स्कूल नहीं पहुंचने से नाराज कलेक्टर ने दोनों शिक्षकों को पहले निलंबित करने के निर्देश दिए थे बाद में जब शिक्षक मंजू राठौर एवं मनीष गुप्ता अचानक स्कूल पहुंच गए और उन्होंने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि वह रोजाना स्कूल आते हैं पर गांव में आने-जाने का रास्ता खराब है बस देरी से पहुंची है। बारिश का समय होने के चलते बस को देर हो जाती है। कलेक्टर को शिक्षकों की बात पर विश्वास हुआ तो उन्होंने दोनों शिक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश किए।

## शहर के गुलंबर क्षेत्र से चुराई गई बाइक हुई थी सीसीटीवी में कैद

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर, चोरी की मोटर साइकिल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बाइक चोरो की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई में जुटी कोतवाली थाना पुलिस के हत्थे एक शातिर बाइक चोर चढ गया है। उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक जब्त की गई है। यह बाइक उसने अपने एक साथी की मदद से शहर के गुलंबर क्षेत्र से चुराई गई थी। कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर के साथी को नामजद करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक बाइक चोर को दबोचा गया है। दबोचे गए बाइक चोर ने अपना नाम सुरेन्द्र सिंह पुत्र प्रताप सिंह राय सिख निवासी ज्वाड हाल दलारना गेट थाना मानपुर बताया है। उसके कब्जे से एक चोरी की बाइक बरामद की गई है। यह बाइक उसने शहर के गुलंबर क्षेत्र से चुराई है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि चोरी की यह वारदात उसने अपने दोस्त सोनू राजपूत निवासी गिरधरपुर के साथ मिलकर अंजाम दी है। पुलिस ने दूसरे आरोपी सोनू राजपूत की तलाश भी शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में कोतवाली टीआई के अलावा प्रधान आरक्षक कुलदीप जाट, आरक्षक बृजमोहन यादव, रविन्द्र त्यागी, राधेश्याम शर्मा की भी अहम भूमिका रही है।



# जल भराव से परेशान किसानों ने घेरा तहसीलदार कार्यालय, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बड़ौदा तहसील के बत्तीसा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांवों में जलभराव की गंभीर स्थिति को लेकर शुक्रवार को किसानों ने तहसील कार्यालय बड़ौदा पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला के नेतृत्व में तहसीलदार बड़ौदा मनीषा मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि राधापुरा, सांरगपुर, बरखेड़ा, बड़ौदिया जिंसी, ठीकरिया, बोरदादेव, सहित आसपास के अनेक गांवों में हाल ही में हुई अतिवर्षा के चलते खेतों में अत्यधिक जलभराव हो गया है।

इससे धान सहित अन्य फसलें नष्ट होने की कगार पर पहुंच गई हैं। वहीं जिन खेतों में अभी तक रोपाई नहीं हो सकी थी वहां जलभराव के कारण किसान रोपाई नहीं कर पा रहे हैं जिससे क्षेत्र के किसान गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। किसानों ने यह भी बताया कि यह समस्या हर वर्ष बारिश के मौसम में सामने आती है लेकिन अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था शुरू करने स्थलीय निरीक्षण करने तथा फसल नुकसान के आधार पर प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसानों ने चेतावनी दी है कि वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला, राधापुरा पंचायत के सरपंच धारा सिंह मीणा, रणवीर राधापुरा, प्रेमशंकर ठीकरिया, रामभरत ठीकरिया, रामरूप सहित प्रभावित गांवों बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



## सीप और कदवाल का पानी निचली बस्ती में घुसने से अफरा तफरी


# झमाझम बारिश से नदी-नाले उफने विजयपुर में क्वारी के रौद्र रूप से अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश ने शहर सहित जिलेभर को तरबतर कर दिया है। इस बारिश से जहां जिले के अधिकतर नदी नाले उफान पर आ गए वहीं विजयपुर में क्वारी नदी के रौद्र रूप को देखते हुए प्रशासन को निचली बस्तियों को खाली करना पड़ा। उधर जिला मुख्यालय पर भी सीप और कदवाल नदी के उफान पर आने से निचली बस्ती वार्ड नं 2 कोली चौक में पानी भर जाने से अफरा तफरी मच गई।

शुक्रवार की दोपहर 2:00 बजे से 3:00 तक हुई बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए जिला मुख्यालय से गुजरी अमराल नदी का पानी श्योपुर से ढेंगदा जाने वाले पुल के ऊपर से गुजर गया इस खतरनाक नजारे को कैद करने पहुंचे कई पर्यटक जान जोखिम में डालकर पुल पर जाने से नहीं हिचखिंचाए और कई पर्यटक पुल के ऊपर से गुजरते पानी में खड़े होकर सेल्फी भी लेते दिखे। उधर क्वारी नदी के उफान पर आ जाने से विजयपुर के वार्ड क्रमांक एक की निचली बस्ती सब्जी मंडी क्षेत्र को एक पखवाड़े में तीसरी बार खाली करना पड़ा। प्रशासन ने लोगों को ऊंचाई वाले स्थान पर जाने के लिए मुनादी कराई कुंवारी नदी का पानी पुल को छूने तक पहुंच गया था जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचे।





### कदवाल घुसी निचली बस्तियों में, मची अफरा तफरी

बारिश से उफान पर आई सीप और उसकी सहायक नदी कदवाल का पानी गुप्तेश्वर मंदिर से किला गेट और निचली बस्ती वार्ड क्रमांक 2 गली चौक तक पहुंच गया। कोली चौक पर करीब एक से डेढ़ फीट पानी हो जाने से यहां रहने वाले लोग परेशान हो गए आने आनंद फानन में लोग ऊंचाई वाले स्थान पर जाने की तैयारी में जुट गए हालांकि शाम 7:00 बजे तक पानी वापस उतर गया जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

# एक किलो गांजे के साथ पकड़े दोषी को 3 साल सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

तीन साल पहले एक किलो 200 ग्राम गांजे के साथ कोतवाली थाना पुलिस ने पकडे आरोपी को श्योपुर न्यायालय ने तीन साल के सश्रम कारावास और 5 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि 22 अक्टूबर 2022 को कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर जैदा मंडी बायपास रोड से एक गांजा तस्कर को दबोचा। जिसके कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त हुआ। आरोपी ने अपना नाम सुरेन्द्र मीणा पुत्र गोवर्धन मीणा निवासी दांतरदा बताया। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपी को अरेस्ट कर जेल भेज दिया है और विवेचना पूरी करके चालान कोर्ट में पेश कर दिया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी सुरेन्द्र मीणा निवासी दांतरदा को दोषी मानते हुए तीन साल के सश्रम कारावास और 5 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी।



### फरार पिता पुत्र समेत तीन वारंटी पुलिस ने जयपुर से पकडे

श्योपुर।सालो से फरार चल रहे तीन वारंटियों को आवदा थाना पुलिस ने दबोचने में कामयाबी हांसिल की है। पुलिस ने इन तीनों को राजस्थान के जयपुर में अलग अलग स्थानां पर दबिश देकर पकडा है। आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देशन में इन दिनों फरार वारंटियों को दबोचने के लिए अभियान चल रहा है। इसी क्रम में एक पुलिस टीम गठित करके जयपुर भेजी गई। जहां से तीन वारंटियो स्थाई वारंटी महावीर पुत्र काशीराम बंजारा निवासी चक सिरसौद, फरार वारंटी भानू पुत्र शंकर जाटव तथा उसके पिता शंकर जाटव निवासी बुखारी दबिश देकर पकडा गया। तीनों वारंटियों को श्योपुर लाकर उन्हें न्यायालय में पेश किया।

## घायलों को कराया अस्पताल में दाखिल, पुलिस ने की क्रॉस एफआईआर

# काचरमूली में रास्ते की बात को लेकर आपस में भिड़े दो परिवार, 10 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर थाने के अधीन आने वाले ग्राम काचरमूली में शुक्रवार की सुबह दो परिवार के लोग रास्ते से निकलने की बात को लेकर आपस में भिड गए। इस दौरान दोनो पक्ष के लोगों के बीच आपस में लाठी,कुल्हाडी और डंडे खूब चले। इस विवाद में दोनो तरफ से 10 लोग घायल हो गए। घायलों में ज्यादातर महिलाएं शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

मानपुर थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम काचरमूली निवासी महावीर मीणा और रामलखन मीणा आपस में पडोसी है। गुरूवार को एक पक्ष ने उनके खेत से दूसरे पक्ष के द्वारा ट्रैक्टर निकालने का विरोध किया तो शुक्रवार को दूसरे पक्ष ने पहले पक्ष के लोगो से उनके घर के आगे से गुजरे रास्ते से निकलने का विरोध जताया। इसी बात को लेकर शुक्रवार की सुबह दोनों परिवार के लोगों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनों परिवार के लोगों के बीच आपस में लाठी,डंडे और कुल्हाडी चल गई। विवाद में एक तरफ से महावीर, मेवा बाई, भरोसी बाई, रामकथा घायल हो गई। वहीं दूसरी तरफ से विष्णु मीणा, संतरा बाई, निरमा बाई, राधे, रिद्धी, मनो बाई जख्मी हो गई। इन सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया,जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई।

इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने महावीर पुत्र मांगीलाल मीणा की रिपोर्ट पर विष्णु मीणा, रामलखन मीणा, प्रकाश मीणा, संतरा बाई, निरमा बाई, सिद्धी बाई के खिलाफ तो रामलखन मीणा पुत्र प्रकाश मीणा की रिपोर्ट पर महावीर, रघुवीर, रामरूप, रामवीर, रोहित, मेवा बाई, रामकथा बाई के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।



## लैपटॉप की राशि पाने के लिए छात्र-छात्राएं लगा रहे चक्कर

# किसी का बंद तो किसी का छोटा बैंक खाता 27 विद्यार्थियों की अटकी लैपटॉप की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पिछले दिनों राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के साथ ही श्योपुर जिले के विद्यार्थियों के खातों में राशि ट्रांसफर की थी, ताकि विद्यार्थी राशि निकालकर उससे लैपटॉप खरीद सकें। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना को लेकर विद्यार्थियों के खातों में 25 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए थे। जिले के 1103 विद्यार्थी लैपटॉप की राशि को लेकर पात्र थे, लेकिन अब 27 विद्याथियों को खातों में राशि आने का इंतजार है।

राशि ट्रांसफर करने के पहले दिन भी कई विद्यार्थियों के खातों में शाम तक राशि नहीं आई थी। करीब 27 विद्यार्थियों ने अब तक खातों में राशि नहीं आने को स्कूल और जिला शिक्षा कार्यालय में शिकायत की है। कार्यालय में जब स्टूडेंट और परिजनों ने जाकर खातों का स्टेटस चेक किया गया तो सामने आया कि किसी का बैंक खाता बंद पडा है तो किसी का बैंक खाता छोटा है, जो कि कियोस्क सेंटर पर खुलवाया गया था। जबकि कुछ के बैंक खातो में केवायसी नहीं हो रही थी। इसलिए उनके खातो में राशि ट्रांसफर नहीं हो पाई। अब शिक्षा विभाग इन विद्यार्थियों के खातों को अपडेट कर पोर्टल पर जानकारी अपडेट कर रहा है। जिससे खातों में राशि आ सके, लेकिन ये राशि कब आएगी, इसको लेकर विभाग के पास स्पष्ट जानकारी नही है।



### पिछले साल थे 688 पात्र,इस साल पात्रता की श्रेणी में आए 1103

प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना से लैपटॉप खरीदने के लिए जिले के सरकारी और निजी स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राशि प्रदान की जाती है। जिसमें 75 प्रतिशत या फिर इससे ज्यादा प्रतिशत वाले बच्चों को यह राशि प्रदान की जाती है। पिछले साल प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत श्योपुर जिले के 688 विद्यार्थी पात्र पाए गए थे। लेकिन इस साल रिजल्ट अच्छा रहने की वजह से इस योजना में चयनित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस बार कुल 1103 विद्यार्थी पात्रता की श्रेणी में आए है। सभी पात्र विद्यार्थियों के खातो में ही लैपटॉप की राशि जारी की गई। लेकिन श्योपुर जिले के 27 विद्यार्थियों के खातो में अभी तक उक्त राशि नहीं पहुंच सकी है।

### पुर्नमूल्यांकन में बढे नंबर तो लैपटॉप की पात्रता में आ गई शिवानी और ज्योति

शाउमावि बडौदा से कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा देने वाली छात्रा ज्योति मीणा और शासकीय अंबिका स्कूल इकलौद से कक्षा 12 वीं की परीक्षा पास करने वाली छात्रा शिवानी प्रजापति भी अब लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रूपए की राशि पाने की पात्रता में आ गई है। जिसके चलते अब जिले में कुल लैपटॉप की पात्रता में आने वाले विद्यार्थियों की 1103 से बढकर 1105 हो गई है। बता दें कि उक्त दोनो छात्राओं के पहले परीक्षा के दौरान अंक कम आए थे। इसलिए दोनो छात्राओं ने अपनी कॉपियों को फिर से मूल्यांकन कराए जाने के लिए निर्धारित शुल्क जमा करके आवेदन भरा। जिसके बाद उनकी कॉपियों को फिर से जांचा गया तो तो उनके नंबर इतने बढ गए कि ये दोनो छात्राएं प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना का लाभ पाने की पात्र बन गई है। बताया गया है कि अब दोनो विद्यार्थियों के खातो में लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रूपए की राशि शासन की ओर से भेजी जाएगी।

### इनका कहना..

27 बच्चों के खातों में ट्रांजेक्शन फेल हुआ है। खातों को अपडेट कर जानकारी को पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा है। वहीं जिन बच्चां के बैंक खाते बंद है,उनसे नए खाता नंबर लिए जा रहे है। इसके लिए स्कूल प्राचार्यो को निर्देशित कर दिया गया है। प्रयास किए जा रहे है कि विद्यार्थियों के खातो में जल्द से जल्द राशि आ जाए। लैपटॉप की पात्रता की श्रेणी में दो नए विद्यार्थियों के नाम भी शामिल हुए है।

एमएल गर्ग
डीईओ,श्योपुर

# हरदा में हुए लाठी चार्ज के खिलाफ करणीसेना ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

हरदा में राजपूत करणीसेना पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा करते हुए करणी सेना ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा। कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को मुख्यमंत्री के नाम सोपे ज्ञापन में उल्लेख है कि हरदा में पुलिस ने मानवता की हदें पार करते हुए निहत्थे शांतिप्रिय लोगों पर लाठी वर्षा कर जो अमानवीय कृत्य किया है वह लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है। इस कृत्य को करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाए साथ ही इस मानवीय घटना के पीछे कौन सा तंत्र काम कर रहा था किसके इशारे पर पुलिस कर्मी इस कृत्य को करने के लिए मजबूर हुए इसकी जांच भी होना चाहिए। ज्ञापन में हरदा लाठी चार्ज के लिए जिम्मेदार कलेक्टर, एसपी समेत थाना प्रभारी को तत्काल हटाने की मांग भी की गई है।



### अवमानक स्तर का पनीर एवं मिल्क क्रीम पाए जाने पर 80 हजार का जुर्माना

**श्योपुर।** न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियमों के तहत अवमानक खाद्य पदार्थ का संग्रहण एवं विक्रय करने का आरोप प्रमाणित होने पर निशा मित्तल पत्नि लखन मित्तल पुलिस लाइन रोड श्योपुर फर्म राधेकृष्णा फूड प्रोडेक्ट श्योपुर पर 80 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है। इस मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र जैन द्वारा 22 मार्च 2024 को दोपहर 12.30 बजे फर्म राधेकृष्णा फूड प्रोडेक्ट से पनीर और मिल्क क्रीम के सैम्पल लिये गये तथा जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजा गया था। प्रयोगशाला द्वारा नमूना अवमानक स्तर का पाया गया, इस मामले में उक्त फर्म पर अधिनियम की धारा 51 के तहत 80 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। वहीं पाली रोड पर संचालित श्रीराम दूध डेयरी के संचालक हरि सिंह गुर्जर पर आरोप प्रमाणित होने पर 10 हजार रूपए जुर्माने की कार्रवाई की गई है। बता दें कि 5 जुलाई 2024 को लगभग 12.30 बजे उक्त दूध डेयरी से भैस के दूध का नमूना लिया गया था। उक्त नमूने अवमानक पाये जाने पर अर्थदण्ड की यह कार्यवाही की गई है।

## खबर संक्षेप



### हमारे पुण्य कर्मों से बनता है भाग्य-दीदी

**बीना।** ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के खिमलासा सेवाकेंद्र पर श्रावण मास के उपलक्ष्य में भजन संध्या और सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें सेवाकेंद्र संचालिका बीके जानकी दीदी ने कहा कि हमारे पुण्य कर्मों से हमारा भाग्य बनता है और जीवन में सुख प्राप्त करने के लिए भाग्यवान बनना जरूरी है। हम अपने दैनिक जीवन के छोटे-छोटे कर्मों से अपने पुण्य का खाता बढ़ा सकते हैं। आप जहां रहते हैं, आपका जो कर्म है वही पुण्य कर्म बन सकता है। महत्वपूर्ण यह है कि आपने उस कर्म को किस भाव, भावना और सोच के साथ किया है। पुण्य अर्थात हम जहां हैं वहां उसी स्थान पर कर्म के प्रति ऊंची भावना रखना। उन्होंने कहा कि माताएं अपने बच्चों का पालन-पोषण यह समझकर करें कि ये भगवान के बच्चे हैं। इस सोच से आपके बच्चों का भी भाग्य बन जाएगा। ईश्वर की याद में किए गए कर्म श्रेष्ठ कर्म, सुकर्म बन जाते हैं।

### तालबेहट पुलिस ने चार जुआरी दबोचे

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट पुलिस ने गश्त के दौरान चार जुआरियों को धर दबोचा। उप निरीक्षक बलराम शर्मा ने बताया कि गश्त करते हुये पेट्रोल पम्प पर पहुंचे, जहां मुखबिर ने सूचना दी कि नया बस स्टैंड डाक बंगला के सामने बैठकर कुछ लोग टॉर्च की रौशनी में ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगा रहे हैं। इस दौरान पुलिस ने चार जुआरियों को धर दबोचा। इनमें बस स्टेण्ड निवासी सलमाान पुत्र शहजाद, अरविन्द रजक पुत्र भगवत, ओरछा गेट बाहर महानगर झांसी के कसाई मण्डी निवासी अब्बास कुरैशी पुत्र कल्ला कुरैशी और तालबेहट के ग्राम खांदी अंतर्गत मजरा टेकरी निवासी सुरेश यादव पुत्र धर्मसिंह बताये गये हैं। 630 रुपये व माल फड़ से 1800 रुपये बरामद किये हैं।

### वृद्ध का शव फांसी पर लटका मिला

**ललितपुर।** कोतवाली के मोहल्ला गोविंद नगर में एक वृद्ध नदी किनारे लगे पेड़ पर रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका मिला। आस पास के लोगों ने घर वालों को जानकारी दी। घर वालों ने लोगों की सहायता से उसे फांसी के फंदे से उतर कर जिला चिकित्सालय ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बताया गया है कि 60 बर्षीय फूलचंद पुत्र गोविन्द धानक तीन माह से मानसिक बीमार था जिस का ईलाज ग्वालियर चल रहा था। सुबह 7 बजे उसने मोहल्ले के पास से निकली नदी पर लगे पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। मृतक के दो पुत्र में से बड़े पुत्र ने बताया की मृतक ढोल बजाने का कार्य करता था। करीब 3 माह से वह मानसिक बीमार था जिस का इलाज चल रहा था।

### शराब पीने रुपए न देने पर हाथ में मारा ब्लैड

**ललितपुर।** शराब पीने के लिए रुपये मांगने का विरोध करने पर दबंग ने ईंट मारते हुये ब्लैड से हाथ पर जानलेवा हमला कर दिया। प्रकरण को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करायी है। ग्राम चिलगौआ स्थित पावर प्लांट में धालीवाल इंटरप्राईजेज कॉन्ट्रैक्टर कम्पनी में ऑपरेटर पद पर कार्यरत कर्मचारी कस्बा बिरधा निवासी उदय प्रताप सिंह पुत्र श्याम सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती 16 जुलाई को वह बी-शिफ्ट अपराह्न 2 से रात 10 बजे तक की ड्यूटी पर था। रात करीब 8.2 बजे थाना बानपुर के ग्राम उदयपुरा निवासी छोटे यादव पुत्र सीताराम यादव उसके पास आया और उससे शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करने लगा। विरोध करने पर छोटेलाल ने उसे गालियां दीं और पत्थर फेंक कर मारा। छोटे यादव ने उसके पास आकर ब्लैड से उसके हाथ पर जानलेवा हमला कर दिया। वहां काम कर रहे गार्ड थाना जखौरा के ग्राम सांकरवार निवासी रमन सिंहयादव व चाबीमेन कुंजन सिंह यादव घटना स्थल पर आ पहुंचे।

## शहजाद बांध में दो दिन पूर्व एक बोरी में महिला की लाश बरामद हुई थी

# पुलिस व स्वाट, सर्विलांस की टीम ने किया पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहजाद बांध में दो दिन पूर्व एक बोरी में महिला की लाश बरामद हुई थी इस ब्लाइंड मर्डर को पुलिस के लिए एक चैलेंज था जिसे पुलिस ने शीघ्र खुलासा किया अभियुक्त के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त एक अदद कीटनाशक की बोतल, हत्या में प्रयुक्त मोटर साइकिल मृतका का मोबाइल फोन बरामद किया अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झाँसी के निर्देश के क्रम में, पुलिस अधीक्षक, मो मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी, तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना बार पर पंजीकृत मुअसं 248/2025 धारा 103(1)/238 इठर के वांछित अभियुक्त जगदीश रैकवार पुत्र मूलचन्द्र उर्फ मुलुआ उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम करमई थाना बार जनपद ललितपुर को नहर पुलिया करमई रोड वहद ग्राम डुलावन थाना बार जनपद ललितपुर से गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये, न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया । घटना दिनांक 16 जुलाई को थाना बार क्षेत्रान्तर्गत शहजाद बांध की नदी में एक अज्ञात महिला का शव बोरी के अन्दर मिलने की सूचना सूचना प्राप्त हुई थी ।

घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए

सूचना पर थाना बार पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुचकर, अज्ञात मृतका के शव को कब्जा पुलिस लेकर, पंचायतनामा की कर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया । फील्ड यूनिट टीम मौके पर पहुचकर, घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किये गये। उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण किया गया था । थाना बार पुलिस द्वारा अज्ञात मृतिका के शव के शिनाख्त के लिये जनपद ललितपुर की सभी थाना क्षेत्रों की पीआरवी, चौकी प्रभारियों व शहजाद नदी के किनारे स्थित सभी ग्राम प्रधानों को लगाया गया कि ,जिससे अज्ञात मृतिका की शिनाख्त रानी रैकवार पत्नी नरेन्द्र उम्र करीब 28 वर्ष नि0 ग्राम करमई थाना बार जनपद ललितपुर के रूप में हुई थी । मृतका के परिजनों द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर अभियुक्त जगदीश रैकवार के विरूद्ध थाना बार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए घटना के अनावरण व वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक,द्वारा क्षेत्राधिकारी तालबेहट के नेतृत्व में 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था , जिसमें थाना बार पुलिस, स्वाट/सर्विलांस टीम, व जनपद के अन्य थाना/चौकी इन्चार्जो को भी लगाया गया था । गठित टीमों द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दी गयीं , जिनके अथक प्रयास एवं सर्विलांस(टेक्निकली/मैनुअली) व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त जगदीश रैकवार को गिरफ्तार किया गया ।

### नरेन्द्र की पत्नी रानी से 1 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था

पूछताछ में अभियुक्त जगदीश बताया कि साहब मेरे ही गांव करमई का रहने वाला नरेन्द्र रैकवार मेरा दोस्त था जिस कारण मेरा उसके घर पर आना जाना था । इसी के चलते नरेन्द्र की पत्नी रानी से पिछले 1 वर्ष से मेरा प्रेम प्रसंग चल रहा था । इसी बात को लेकर जब रानी उपरोक्त का अपने पति नरेन्द्र से झगड़ा हुआ तो रानी अपने पति व दोनो बच्चो को छोड़कर पिछले साल मेरे साथ आकर रहने लगी थी । कुछ समय पूर्व मेरी भी शादी कहीं और तय हो गयी थी, जिससे कारण मेरे व रानी के मध्य आपसी मन-मुटाव रहने लगा था और इसी बीच रानी उपरोक्त ने इन्स्टाग्राम के माध्यम से अशोक नगर निवासी यशवन्त गुर्जर से दोस्ती की और उसके साथ बातचीत शुरू कर दिया इससे हम लोगो के बीच विवाद होने लगा । लगभग 25 दिन पहले रानी मुझसे बिना बताए, यशवंत के साथ रहने चली गयी थी, जिसके कारण मैं बहुत क्रोधित हुआ और उसकी हत्या की योजना बनायी । फिर मैने रानी को वापस आने की धमकी दी, उसके बाद दिनांक 06. जुलाई को रानी मेरे पास हमारे नई बस्ती के किराये के मकान में वापस ललितपुर आ गयी । जब मैने रानी को यशवन्त के पास वापस जाने के लिये मना किया तो वह नही मानी और इसी बात को लेकर लड़ाई-झगड़ा हुआ और मैने उसकी हत्या करने की योजना पहले से बनाई।

### कोल्डड्रिंक में कीटनाशक मिलाकर रानी को पिला दी

7 जुलाई को मैने दिन में कोल्डड्रिंक में कीटनाशक मिलाकर रानी को पिला दी जिससे उसकी मृत्यु हो गयी । इसके बाद रात को मैने रानी के शव के हाथ पैर बांधकर एक बोरी में रखकर, शव को मोटर साइकिल पर रखकर ग्राम चीरा के पास शहजाद नदी में फेंक आया था । इसके बाद मैने खुद को पुलिस से बचाने के लिये दिनांक 08.जुलाई को रानी के फोन से रानी व यशवंत की रील, रानी के फ़ोन से ही इन्स्टाग्राम पर अपलोड कर दी जिससे ऐसा प्रतीत हो कि रानी यशवंत के साथ है और रानी की यदि पहचान हो जाये तो पुलिस यह सोचे कि रानी की हत्या यशवंत ने ही की है । साहब मैने अपने बचने के लिये व्यापक रूप से षड़यंत्र रचा था और अपने गांव में वापस जाकर रहने लगा था । लेकिन आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया था । साहब मुझसे गलती हो गयी, मुझे माफ कर दीजिये ।

## कार्यप्रणाली का कर रहे विरोध

# न्यायिक तहसीलदार के खिलाफ लामबंद हुए वकील, नारे लगाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मड़ावरा में न्यायिक तहसीलदार की कार्यप्रणाली के विरोध में बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को दर्जनों अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए, उप जिलाधिकारी मड़ावरा को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बार एसोसिएशन ने बताया कि वे 11 जून से न्यायिक तहसीलदार के खिलाफ संघर्षरत हैं। उन्होंने पहले कोर्ट का बहिष्कार किया और उच्चाधिकारियों को कई बार सूचित किया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से वादकारियों को नुकसान हो रहा है। 18 जुलाई को बार एसोसिएशन की आकस्मिक बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर 21 जुलाई तक न्यायिक तहसीलदार द्वारा 11 जून के विवादित आदेश वापस नहीं लिए जाते और उनका स्थानांतरण नहीं होता, तो वह आंदोलन करेंगे। वकीलों ने अपनी कार्य योजना में 21 जुलाई को न्यायिक तहसीलदार की अदालत में तालाबंदी की घोषणा की है। 22 जुलाई को पूरी तहसील में तालाबंदी करेंगे। 23 से 25 जुलाई तक क्रमिक अनशन करेंगे। इसके बाद 28 से 31 जुलाई तक धरना प्रदर्शन करेंगे। संरक्षक दिनेश प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष बृजलाल साहू, अध्यक्ष भरत सिंह लोधी, कपिल देव दुबे, पुष्पेन्द्र सिंह तोमर, अशोक कुमार निरंजन, जयराम पटेल, शीलचंद अहिरवार, नूर निजाम खान, महेश परिहार आदि मौजूद रहे।

### नीमखेड़ा में कच्चा मकान गिरा, एक की मौत

ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम लड़वारी के मजरा नीमखेड़ा में भारी बारिश के कारण एक मकान गिरने से महिला की मौत की खबर प्रकाश में आयी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर महिला के शव को मलवे से निकालकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस घटना के बाद से गांव में बारिश को लेकर काफी भय का माहौल देखा जा रहा है। गौरतलब है कि विगत कुछ दिनों से जिले में भारी बारिश लगातार हो रही है। बारिश के कारण नदियां, नाले उफान पर हैं तो जिले में मौजूद एक दर्जन से अधिक बांधों में भी निर्धारित क्षमता से अधिक पानी का भराव हो रहा है, जिससे समय-समय पर बांधों के गेटों को खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। पानी की भारी आवक से ग्रामीण अंचलों में जल जमाव हो रहा है। यही कारण है कि मजरा नीमखेड़ा में मकान जमींदोज हो गया। इसके चलते महिला की मौत होने की खबर भी प्रकाश में आयी है।

शहर में घूमते अन्ना जानवरों पकड़ने चलाया अभियान

# जानवर घूमते हुए पकड़ाए तो पशुपालक पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अधिशासी अधिकारी निर्देशन में जिले में अन्ना जानवारों को पकड़े जाने हेतु वार्ड नं. 8 मोहल्ला जुगपुरा व नेहरू नहर में अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान 8 अन्ना जानवरों को पकड़कर दैलवारा स्थित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में छोड़ा गया, एवं पशु पालकों से जुर्माना वसूली की कार्यवाही की गयी। चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश जैन टीम के साथ मोहल्ला जुगपुरा में पहुँचे, जहाँ उन्होंने सड़को पर विचरण कर रहे अनेक अन्ना जानवरो को पकड़ने हेतु अभियान चलाया व अन्ना पशु



मालिकों को सड़क पर जानवर न बांधने, गोबर आदि नालियों में फेकने हेतु उन्हें जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अन्ना जानवरो के सड़क पर खड़े होने के चलते राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। वहीं अन्ना जानवर दुर्घटनाओं को कारण भी बनते है। जिसके चलते नगर पालिका परिषद, ललितपुर द्वारा अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में अन्ना जानवारों को संरक्षित किये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 8 अन्ना जानवरों को दैलवारा स्थित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित कराया गया। इस दौरान बताया गया कि यदि सड़कों पर अन्ना जानवर विचरण करते हुये पाये जाते है तो प्रत्येक पशु पालक के विरूद्ध 3000 रूपया प्रति पशु के तहत जुर्माना वसूलते हुये कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। नगर में जो भी पालतू जानवर जैसे गाय, भैंस, बकरी आदि का पालन कर रहे है। वह उन्हें अपने घर पर ही संरक्षित करें, यदि पालतू जानवर सड़क पर घूमता हुआ पाया गया तो पशु पालकों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# आर्ट ऑफ लिविंग परिवार मनाएगा आनन्द उत्सव



**ललितपुर।** जिले के आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक सुबोध शर्मा विश्वास ने एक भेंटवार्ता में बताया कि विगत दो वर्षों से जिले में कार्यरत विश्व का सबसे बड़ा एन.जी.ओ. (गैर सरकारी संगठन) आर्ट ऑफ लिविंग संचालित हो रहा है। विश्वास ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक शान्ति के दूत व आध्यात्मिक संत श्रीश्री रविशंकरजी पूरी दुनिया के 182 देशों में योग व आध्यात्म की पताका विगत लगभग 45 वर्षों से फहरा रहे हैं। बताते चलें कि हम सभी जनपदवासियों के लिए यह गौरव की बात है आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यक्रम यहां पर आयोजित किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में जनपद में प्रथम बार 6 दिवसीय हैप्पीनैस प्रोग्राम आयोजित है जो आगामी 12 से 17 अगस्त तक आयोजित किया जायेगा। इस आयोजन में गान-ज्ञान-ध्यान के अलावा श्रीश्री द्वारा अन्वेषण दिव्य सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया जायेगा। बताते चलें कि सुदर्शन क्रिया वो क्रिया है जिसको नियमित रूप से करने से गम्भीर से गम्भीर रोगों से निजात पायी जा सकती है एवं जीवन में प्रसन्नता-शान्ति और स्वास्थ्य को साक्षात्कार महसूस कर सकते हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के इस भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्वास्थ्य-लाभ व ऊर्जावान जीवन को पाने के लिए शीघ्र ही रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की गई है। बताया गया है कि इस आनन्द-अनुभूति शिविर में सम्मिलित होने के लिये दिये गये लिंक पर एक क्लिक करें और प्रोग्राम का एक खूबसूरत हिस्सा आप भी बनें। इस वार्ता में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के जगदीश द्विवेदी, उमा द्विवेदी, वन्दना भारती, ओ.पी. गुप्ता, मनीषा जैन, जगजीतसिंह जाखड़, राजेन्द्र गुप्ता नैया, इंजी. हाकिम सिंह, कुंजबिहारी उपाध्याय, डा.प्रबल सक्सेना, सुलभ गुप्ता, आदर्श ताम्रकार, इंजी. बाल मुकुन्द सोनी, शुभम देवलिया, अर्पित बासु शर्मा आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान

# नशे की आदत कई बार अपराधों को जन्म देती है: एसडीओपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पुलिस द्वारा नशे से दूरी, है जरूरी विशेष जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत एसडीओपी नितेश पटेल एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप यादव द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। पुलिस टीम के साथ उन्होंने रेलवे स्टेशन रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में पहुंचकर वहां निवासरत लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया। यह क्षेत्र आमतौर पर समाज के हाशिए पर रह रहे वर्गों का है, जहां नशे की लत एवं उससे उत्पन्न पारिवारिक, सामाजिक समस्याएं अधिक देखी जाती हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय पुरुषों, महिलाओं, युवाओं व बच्चों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही सभी को नशा नहीं करने व समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर एसडीओपी नितेश पटेल ने उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि उसके परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। नशे की आदत कई बार अपराधों को जन्म देती है, जिससे व्यक्ति कानून के जाल में भी फंस जाता है। उन्होंने नशा करने वाले युवाओं से आत्मीय संवाद कर उन्हें नशे से दूर रहने और शिक्षा व रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी अनूप यादव एवं उनकी टीम ने क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए यह संदेश दिया कि पुलिस केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी निभा रही एक मानवतावादी संस्था भी है। यह प्रयास उन संवेदनशील स्थानों पर किया गया है। जहां नशे की उपलब्धता व प्रचलन की संभावना अधिक होती है। पुलिस द्वारा ऐसा सीधा संवाद एवं संकल्प दिलाना, जनमानस में विश्वास बढ़ता है तथा युवाओं को दिशा देने का सशक्त माध्यम बनता है।

## अंचल के नदी नाले उफान पर, पुलों और रपटों के ऊपर से पानी

# जिले का शिक्षा महकमा हरकत में आया बारिश से प्रभावित स्कूलों का जायजा लेने पहुंचे एडीपीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में लगातार 48 घंटे से हो रही झमाझम बारिश से जहां अंचल के नदी नाले उफान पर है वही पुलों और रफ्टों के ऊपर से पानी बहने से स्कूली बच्चों और स्टाफ तक को स्कूल पहुंचना एक बड़ी समस्या बनी हुई बना हुआ है। शिवपुरी ब्लॉक के पीएमश्री स्कूल बारां में गुरुवार को स्थानीय नदी के उफान पर आ जाने से पांच बच्चों व स्टाफ के फं से रहने की खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन व जिले का शिक्षा महकमा हरकत में आ गया। शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने रमसा के एडीपीसी राजा बाबू आर्य को क्षेत्र के



स्कूलों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीपीसी बारिश से प्रभावित स्कूलों पीएमश्री स्कूल बारांए हायर सेकेंडरी स्कूल सेंवड़ा व भानगढ़ में पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया तथा स्कूल प्राचार्य व स्टाफ को सुरक्षा संबंधी जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

### बारां में जस के तस हालात, स्कूल नहीं पहुंच सके बच्चे

शिवपुरी विकासखंड के पीएम श्री स्कूल बारां पहुंचने के लिए रमसा के एडीपीसी शुक्रवार को जब बारां जाने वाले रास्ते पर पहुंचे तो शुक्रवार को भी हालात गुरुवार जैसे ही थे।बारां ग्राम की स्थानीय नदी शुक्रवार को भी लबालब होकर रपटे के ऊपर चल रही थी। पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य मुकेश मिश्रा का कहना था कि शुक्रवार को पानी सड़क के ऊपर फि र से 4 से 5 फीट ऊपर चल रहा था। इस वजह से सभी स्टाफ और बच्चों को नदी के इस तरफ ही रुकना पड़ा लेकिन 5 घंटे इंतजार करने के बाद भी पानी कम नहीं हुआ। इसलिए बच्चों को उफनती नदी से होकर स्कूल जाने से रोक दिया।

### दानशील मनुष्य वही होता है जो करुणावान हो त्यागी हो: परमहंस

शिवपुरी। श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालयए शिवपुरी को समाज सेवी संस्था इनर व्हील क्लब शिवपुरी प्राइड ने जरूरतमंदों ;चलने.फिरने में असमर्थ मरीजों के लिएद्ध की सहायता के लिए स्ट्रेचर प्रदान की। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस, अधीक्षक डॉ. आशुतोष चौऋषि, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश अहिरवार एक्लब अध्यक्ष विजया चौहान, सेकेट्री स्वाति वर्मा, डॉ सुनीता गौड़, समाज सेवी अल्पा सांखला, नेत्र रोग विभागध्यक्ष डॉ रितु चतुर्वेदी, प्रिया अरोड़ा, डॉ उर्वशी राजपूत, डॉक्टर आनंद राजपूत, डॉक्टर दिव्यांश गुप्ता, सहा पीआरओ राहुल अष्ठाना सहित अन्य क्लब मेम्बर स्टाफ मौजूद रहा। मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉक्टर डी. परमहंस ने कहा कि काफ ी सराहनीय कि आप लोगों ने मेडिकल कॉलेज को एक परिवार माना आपका सेवा भाव काबिले तारीफ है। आप सभी क्लब मेंबरों जैसा भाव अन्य व्यक्तियों में होना चाहिए जिससे लोग चिकित्सालय में आगे आकर सेवा कार्य करें। साथ ही अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस का यह भी कहना था कि दानशील मनुष्य वही होता है जो करुणावान होए त्यागी हो और सत्कर्मी हो। एक अच्छे मानव में ही दानशीलता का गुण होता है। जिसके हृदय में दया नहीं वह दानी कभी नहीं हो सकता और वह दान ऐसा हो जिसमें बदले में उपकार पाने की कोई भावना न हो।

## लखेश्वर स्कूल लंबे समय से मान्यता को लेकर विवादों में

# लखेश्वर स्कूल की अंतिम अपील डीपीआई भोपाल ने की रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

बैराड़ नगर में स्थित लॉर्ड लखेश्वर स्कूल लंबे समय से मान्यता को लेकर विवादों में चला आ रहा है। इसी के चलते जेडी के यहां लंबित लॉर्ड लखेश्वर स्कूल की मान्यता संबंधी अपील निरस्त होने के बाद स्कूल संचालक रघुवीर धाकड़ द्वारा इसकी अपील डीपीआई भोपाल के यहां विचाराधीन थी, लेकिन यहां भी स्कूल संचालक को कोई राहत नहीं मिली है। डीपीआई भोपाल द्वारा लॉर्ड लखेश्वर स्कूल अपील मामले की सुनवाई करते हुए 15 जुलाई 2025 को यह अंतिम अपील भी निरस्त कर दी है। इससे बैराड नगर के लॉर्ड लखेश्वर स्कूल कोड क्रमांक 162164 की मान्यता अंतिम रूप से समाप्त कर दी गई है। गौरतलब यह है कि जेडी द्वारा निरस्त की गई स्कूल संबंधी अपील की स्कूल संचालक द्वारा डीपीआई भोपाल के यहां अपील कर दी थी। छात्र-छात्राओं व सत्र चालू होने के चलते कोई राहत मिलेगी।

### अभिभावक व छात्र भविष्य चिंतित

स्कूल की नवीनीकरण मान्यता को लेकर अभिभावकों को अपनी बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता सताने लगी है। यदि जल्द भी शासन स्तर से छात्रों की पढ़ाई को लेकर निर्णय नहीं लिया गया था बच्चों की एक साल खराब हो जाएगी। लेकिन स्कूल संचालक की माने तो इसकी अपील को हाई कोर्ट में चुनौती दूंगा और मान्यता दो बार मिल गई है तो तीसरी बार भी मिलेगी। यदि ऐसा होता है तो बच्चों को मान्यता को लेकर चिंता समाप्त हो जाएगी।

### इनका कहना है

डीपीआई भोपाल द्वारा नवीनीकरण को लेकर मान्यता को निरस्त कर दिया है, इसका अभी मुझे कोई आदेश नहीं मिला है। आदेश मिलते ही इसकी अपील हाईकोर्ट में चुनौती देंगे। क्यों कि दो बार नवीनीकरण की मान्यता दी है, तो आगे भी मिलेगी।

**रघुवीर धाकड़**, स्कूल संचालक लॉर्ड लखेश्वर बैराड़

अभी डीपीआई भोपाल से मान्यता समाप्त हो गई है तो छात्रों को लेकर शासन स्तर से जो भी निर्णय होगा। इसके बाद हम आगे की कार्रवाई करेंगे।

**विवेक श्रीवास्तव**, जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी